Title: Need to set up an I.T Park in Dhule Parliamentary Constituency, Maharashtra. - Laid.

श्री रामदास रूपला गावीत (धुले): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र धुले, महाराट्र राज्य का एक आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस क्षेत्र में नवयुवकों के रोजगार हेतु कोई विशो साधन नहीं है, जिसके कारण इस क्षेत्र में बेरोजगार नवयुवक काफी संख्या में हैं, इसलिये इस क्षेत्र के विकास हेतु र्वा 2002 में तत्कालीन सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जी ने धुले में स्थान उपलब्ध होने पर एक आई0टी0 पार्क स्थापित किये जाने का आश्वासन दिया था। अब राज्य सरकार द्वारा आई0टी0 पार्क हेतु एम0आई0डी0सी0 के अन्तर्गत स्थान उपलब्ध कर दिया गया है। इस क्षेत्र में आई0टी0 पार्क के स्थापित होने से इस क्षेत्र का विकास हो सकेगा।

अतः मैं आपके माध्यम से संचार मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि जनहित में मेरे संसदीय क्षेत्र धुले (महाराट्र)में आई0टी0 पार्क स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का कट करें।